स्रोत :- दैनिक भासकर
दिनांक :- 06.10.2019
पृष्ट संख्या :- 3

देशभर के हवाई अड्डों पर 9 महीनों में पकड़ा गया 323 किलो सोना, कीमत ₹143 करोड़

■ डीआरआई और कस्टम ने चेन्नई, त्रिची और त्रिवेंद्रम इंटरनेशल एयरपोर्ट से पकड़ा सबसे ज्यादा सोना

लवकुश मिश्रा|सूरत

देश के विभिन्न एयरपोर्ट पर सिर्फ 9 महीनों में 143 करोड़ का 323 किलो सोना पकड़ा गया है। यह संभव हुआ है विदेशी वस्तुओं पर निगरानी रखने वाली दो एजेंसियों राजस्व ख़ुफिया निदेशालय (डीआरआई) और सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की सतर्कता से।

इसी साल की बात करें तो जनवरी से सितंबर तक देश के अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट्स पर सोने की तस्करी के 66 से ज्यादा मामले पकड़े गए। सबसे ज्यादा सोना चेन्नई, त्रिची, त्रिवेंद्रम, मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट से जब्त हुआ है। इधर, 16 फरवरी से इंटरनेशनल उड़ान की सूची में शामिल हुए सूरत एयरपोर्ट पर भी अब तक 8 मामले आ चुके हैं, जिनमें कस्टम ने अब तक डेढ़ किलो से ज्यादा सोना जब्त किया है। अधिकतर मामले गल्फ देशों खासकर ओमान, मस्कट, दुबई, ईरान जैसे देशों से आने वाले यात्रियों के होते हैं। श्रीलंका से भी दक्षिण भारत में सोना तस्करी के मामले सामने आते रहे हैं। डीआरआई की कार्रवाई में करीब 224.219 किलो सोना जब्त किया। इसकी कीमत 78.49 करोड़ के आसपास थी। जबकि कस्टम ने इंटरनेशल एयरपोर्ट पर अब तक 65.39 करोड़ का 98.1 किलो सोना पकड़ा। सबसे बड़ी कार्रवाई 10 सितंबर को दिल्ली के आईजीआई इंटरनेशल एयरपोर्ट पर की, जिसमें 8 करोड़ सोना जब्त किया गया।